*अनौपचारिक रूप से परामर्शित

# बिहार सरकार
## सामान्य प्रशासन विभाग

संख्याः—09/नि0—19—03/2025—सा0प्र0.....18893.........पटना—15, दिनांक 01.10.2025

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

द्वारा:— वित्त विभाग

**विषयः**—बिहार आशुलिपिक सेवा के विभिन्न ग्रेडों के पदों का पुनर्गठन के फलस्वरूप आशुलिपिक के 440, निजी सहायक के 263, आप्त सचिव के 159 प्रधान आप्त सचिव के 65 एवं वरीय प्रधान आप्त सचिव के 58 अतिरिक्त पदों का सृजन एवं पद—सृजन के फलस्वरूप वार्षिक व्यय रू0 91,65,60,900/—(कुल एकानवे करोड़ पैंसठ लाख साठ हजार नौ सौ रुपये मात्र) की स्वीकृति ।

आदेशः— 1. स्वीकृत।

2. नये पदों के सृजन के फलस्वरूप बिहार सचिवालय आशुलिपिक सेवा के विभिन्न ग्रेडों के पदों का स्वीकृत बल निम्नरूपेण होगाः—

| क्र० सं० | पदनाम | पूर्व से स्वीकृत पदबल | नवसृजित पदों की संख्या | पुनर्गठन के फलस्वरूप स्वीकृत पदबल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | आशुलिपिक | 456 | 440 | 896 |
| 2. | निजी सहायक | 249 | 263 | 512 |
| 3. | आप्त सचिव | 171 | 159 | 330 |
| 4. | प्रधान आप्त सचिव | 87 | 65 | 152 |
| 5. | वरीय प्रधान आप्त सचिव | 00 | 58 | 58 |
| | कुल | **963** | **985** | **1948** |

3. बिहार सचिवालय आशुलिपिक सेवा के पदों के उक्त वर्णित पुनर्गठन के फलस्वरूप विभिन्न विभागों/कार्यालयों में पदों का कर्णांकण अलग आदेश से किया जायेगा।

4. उक्त 985 पदों के सृजन पर होने वाले अनुमानित वार्षिक व्यय रू0 91,65,60,900/— (कुल एकानवे करोड़ पैंसठ लाख साठ हज़ार नौ सौ रुपये मात्र) मात्र है।

5. उक्त पदों के सृजन पर होने वाला व्यय उसी माँग संख्या, मुख्य शीर्ष, लघु शीर्ष, उप शीर्ष आदि से किया जायेगा, जिस माँग संख्या, मुख्य शीर्ष, लघु शीर्ष, उप शीर्ष आदि से उस विभाग/कार्यालय में पदस्थापित पदाधिकारियों के वेतनादि का भुगतान किया जाता है।

6. इसमें प्रशासी पदवर्ग समिति एवं मंत्रिपरिषद् की दिनांक–03.10.2025 की बैठक में मद संख्या–123 के रूप में स्वीकृति प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

Rajendra 4.10.2025

(डॉ॰ बी॰ राजेन्दर)

सरकार के अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक–09/नि0–19–03/2025–सा0प्र0 18793, पटना–15, दिनांक 04.10.2025

प्रतिलिपिः–प्रभारी पदाधिकारी, वित्त विभाग (ई–गजट प्रशाखा), बिहार, पटना को बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

Rajendra 4.10.2025

सरकार के अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक–09/नि0–19–03/2025–सा0प्र0 18793, पटना–15, दिनांक 04.10.2025

प्रतिलिपिः–सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव /विभागाध्यक्ष/ सभी आयोग/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/महाधिवक्ता का कार्यालय, उच्च न्यायालय, पटना/ प्रधान सचिव, राज्यपाल सचिवालय, बिहार/मुख्य सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी/आप्त सचिव, विकास आयुक्त, बिहार/बिपार्ड, गया एवं पटना/सभी संबंधित कोषागार पदाधिकारी/सभी संबधित कार्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Rajendra 4.10.2025

सरकार के अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक–09/नि0–19–03/2025–सा0प्र0 18793, पटना–15, दिनांक 04.10.2025

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को मंत्रिपरिषद् दिनांक–03.10.2025 की बैठक में मद संख्या 123 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Rajendra 4.10.2025

सरकार के अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक–09/नि0–19–03/2025–सा0प्र0 18793, पटना–15, दिनांक 04.10.2025

प्रतिलिपिः– सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के सभी पदाधिकारी एवं आई0टी0 मैनेजर, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Rajendra 4.10.2025

सरकार के अपर मुख्य सचिव।

ध्रु